# मशीन लर्निंग और डेटा इंजीनियरिंग पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

देहरादून (एसएनबी)। मल्टीडिसप्लनेरी यूनिवर्सिटी यूपीईएस ने विधौली कैंपस में मनीश लर्निंग और डेटा इंजीनियरिंग (आईसीएमएलडीई-2023) पर एल्सेवियर के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की।

यूनिवर्सिटी ऑफ डेटन, यूएसए के सहयोग से यूपीईएस की ऑर्गनाइजिंग कमेटी द्वारा संचालित कार्यक्रम में इंजीनियरिंग क्षेत्र में सुझाव देने और रचनात्मक विकास को साझा करने के लिए इंडस्ट्रीज के रिसर्चर्स और एप्लिकेशन डेवलपर्स को एक साथ लाने का काम किया।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय और एसईआरबी, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया के डायरेक्टर जनरल अरविंद कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत यूपीईएस के वाईस चांसलर डा.राम शर्मा और यूपीईएस स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस के डीन डा.रवि एस अय्यर के स्वागत भाषण से हुआ।



सम्मेलन में विचार रखते वक्ता।

**मल्टीडिसप्लनेरी यूनिवर्सिटी यूपीईएस ने किया आयोजन**

सम्मेलन में भारत, यूएसए, रूस, ओमान, श्रीलंका, हंगरी, नाइजीरिया, सऊदी अरब, वियतनाम, बांग्लादेश, कनाडा, यूके सहित 45 देशों से एक हजार से अधिक मनुस्क्रिप्टस की प्रस्तुतियां आई। इस दौरान मशीन लर्निंग और डेटा इंजीनियरिंग के उभरते क्षेत्र में रिसर्च और शिक्षा के इंटग्रेशन की अनुमति देते हुए अलग-अलग तरह के इंजीनियरिंग डोमेन में क्रिएटिव, रचनात्मक विकास को साझा करने और विस्तार देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर विजयन असारी, यूनिवर्सिटी ऑफ डेटन, यूएसए और एलसी मंगल, ओएस और निदेशक डील, डीआरडीओ जैसे प्रतिष्ठित स्पीकर्स भी मौजूद रहे।